प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 24.12.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन आज पलामू में आकांक्षी जिला कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों के साथ कर रहे हैं बैठक, हरिहरगंज में सीएचसी और एससी आवासीय विद्यालय का करेंगे निरीक्षण।
2. राज्य में नई सरकार के गठन के बाद मंत्रिपरिषद की तीसरी बैठक आज, राज्य कर्मियों के महंगाई भत्ते में बढ़ोत्तरी समेत कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी मिलने की संभावना।
3. कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने अदिवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हेल्थ एटलस तैयार करने का अधिकारियों को दिया निर्देश।
4. राज्य में आज मनाया जा रहा पेसा दिवस, पंचायती राज मंत्रालय द्वारा रांची में आयोजित समारोह में केंद्र और कई राज्यों के वरीय अधिकारी ले रहे हैं हिस्सा।
5. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कैथोलिक बिशप्स कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया के क्रिसमस समारोह में हुए शामिल, कहा–भारत अपनी विदेश नीति में राष्ट्र हित के साथ मानव हित को देता है प्राथमिकता।

****************

केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉक्टर एल मुरूगण आज पलामू में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत चल रहे विकास कार्यों को लेकर जिले के उपायुक्त तथा अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। इस बैठक में अधिकारियों ने उन्हें केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति की जानकारी से अवगत कराया। उन्होंने अधिकारियों को विकास कार्यों में और तेजी लाने के निर्देश दिए। इस बैठक के बाद वे स्थानीय सांसद, विधायक तथा अन्य जनप्रतिनिधियों से संवाद करेंगे। अपने तीन दिवसीय पलामू दौरे के क्रम में आज पहले दिन वे हरिहरगंज में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और एससी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण करने के साथ यहां हो रही स्ट्रॉबेरी की खेती का भी जायजा लेंगे।

****************

राज्य में नई सरकार के गठन के बाद मंत्रिपरिषद की तीसरी बैठक आज होगी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में शाम चार बजे से झारखंड मंत्रालय में होने वाली मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य सरकार के कर्मियों के महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की बढ़ोत्तरी समेत कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी मिल सकती है। इससे पहले नई मंत्रिपरिषद की पहली बैठक अठाईस नवंबर तथा दूसरी बैठक तीन दिसंबर को हुई थी।

****************

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने आदिवासी कल्याण आयुक्त के साथ बैठक कर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने आदिवासी, दलित और पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त कोचिंग उपलब्ध कराने, बच्चों को नामांकन के साथ साइकिल देने और उन्हें शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आदिवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले, इसके लिए हेल्थ एटलस तैयार करें तथा आदिवासी बहुल ग्रामीण इलाकों में टेलीमेडिसीन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

****************

उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और सुरेश राही झारखंड दौरे पर हैं। वे आज राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उन्हें प्रयागराज में अगले वर्ष 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित होने वाले महाकुंभ में शामिल होने के लिए आमंत्रित करेंगे। उन्होंने इस राज्य के लोगों को भी महाकुंभ का हिस्सा बनने का आग्रह किया है।

****************

भारतीय जनता पार्टी के सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि कांग्रेस ने शुरू से ही संविधान के आदर्शों और मूल्यों को कुचलने का काम किया है। इस पार्टी द्वारा बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को हमेशा अपमानित

किया गया। जमशेदपुर में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहेब के नाम का इस्तेमाल वोट बैंक की राजनीति के लिए किया है।

****************

राज्य में आज पहली बार पेसा दिवस मनाया जा रहा है। केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय द्वारा इस अवसर पर रांची में आयोजित समारोह में केंद्र सरकार तथा कई राज्यों के अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं। पंचायती राज विभाग के सचिव विनय कुमार चौबे ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पेसा एक्ट–1996 का मकसद जनजातीय बहुल स्थानीय स्वशासन और ग्राम सभा की व्यवस्था को मजबूती देना है।

****************

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस आज मनाया जा रहा है। हर साल 24 दिसंबर को मनाया जाने वाला यह दिवस प्रत्येक उपभोक्ता के अधिकार और उत्तरदायित्व के महत्व को उजागर करता है। इसी दिन उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 लागू हुआ था। इस वर्ष का विषय है–वर्चुअल सुनवाई और उपभोक्ता न्याय तक डिजिटल पहुंच।

****************

धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो ने निरसा के गोपीनाथडीह में भाजपा और सीपीआई एमएल माले के बीच हिंसा को लेकर विधायक अरुप चटर्जी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि निरसा क्षेत्र में बंगाल जैसी हालात पैदा नहीं होने देंगे।

****************

पाकुड़ जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा पीड़ितों और जरूरतमंदों को कानूनी सहायता के साथ उनकी जरूरतों को पूरा किया जा रहा है।

****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में कैथोलिक बिशप्स कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित क्रिसमस समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने मसीही समुदाय को क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीसस क्राइस्ट ने दुनिया को करुणा और निःस्वार्थ सेवा का रास्ता दिखाया है। हम क्रिसमस के अवसर पर प्रभु यीशु को याद करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपनी विदेश नीति में राष्ट्र हित के साथ मानव हित को प्राथमिकता देता है।

इधर राज्यभर के सभी गिरिजा घरों में क्रिसमस को लेकर आज रात विशेष अनुष्ठान और प्रार्थना सभा शुरू होगी जो कल सवेरे तक आयोजित होगी। इसे लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

****************

पीएमएलए की विशेष अदालत ने रांची जमीन घोटाला मामले में बारह आरोपियों की न्यायिक हिरासत अवधि अगले वर्ष चार जनवरी तक बढ़ा दी है।

****************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें

- खूंटी के तोरपा थाना क्षेत्र स्थित कूल्डा जंगल के पास एक कार के पेड़ में टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित होकर पलट जाने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों रांची में गेल इंडिया के कर्मी थे।
- देवघर जिला पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर छह साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से कई मोबाइल और सिम कार्ड समेत अन्य सामान भी पुलिस ने बरामद किए हैं।
- गुजरात के भरूच में झारखंड की दुष्कर्म पीड़िता नाबालिक की मौत हो गई। उसका इलाज बड़ोदा के एक अस्पताल में चल रहा था।

************